>

Title: Need to install four high mill machines in Ordnance Factory in Katni, Madhya Pradesh.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): मेरे संसदीय क्षेत्रान्तर्गत आयुध निर्माणी फैक्ट्री कटनी रक्षा उत्पादन संगठन के अंतर्गत महत्वपूर्ण यूनिट है। इस आयुध निर्माणी के अंतर्गत रोलिंग मिल सैक्शन में 1942 में स्थापित मशीनों से कार्य किया जा रहा है। पिछले माह सीटीएस मशीन खराब हो जाने से रक्षा उत्पादन का कार्य रूका हुआ है। यहां बुलेट कप हैड स्ट्रेप तैयार की जाती है, जबकि कुछ बुलेट कप बनाने के लिए प्राइवेट क्षेत्र से स्ट्रेप मंगाई जाती है।

सीटीएस मशीन के खराब हो जाने से 500 लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कृपया इस आयुध फैक्ट्री में फोर हाई मिल मशीनें शीघ्र स्थापित करने के लिए मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।